एक नजर में

मेक्रो विज़न एकेडमी और ऑल इज़ वेल मल्टी .स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में भव्य वृक्षारोपण

बुरहानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान मेक्रो विज़न एकेडमी और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के प्रमुख ऑल इज़ वेल मल्टी.स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में भव्य वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। दोनों संस्थानों के बगीचों और विशाल परिसरों में पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सैकड़ों छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। इस दौरान उपस्थित जनों को पौधों के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। सभी शिक्षकों ने लिया श्ग्रीन कैंपसश् का संकल्प। मेक्रो विज़न एकेडमी के बगीचे में आयोजित कार्यक्रम में सभी शिक्षक स्टाफने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यहाँ परिसर की हरियाली को बढ़ाने के लिए कैरीए जामुनए नींबूए अमरूदए चीकू और आम के पौधे रोपे गए। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत करना है। अस्पताल परिसर में औषधीय वाटिका का निर्माण समीपस्थ ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के बगीचों में डॉक्टरोंए नर्सिंग स्टाफ और प्रबंधकीय टीम ने मिलकर पौधारोपण किया। अस्पताल प्रबंधन ने जन.स्वास्थ्य और स्वच्छ हवा के महत्व को देखते हुए तुलसीए गिलोयए एलोवेरा और जैसे औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी। वरिष्ठ चिकित्सकों ने इस अवसर पर कहा कि शुद्ध पर्यावरण ही आधी बीमारियों का इलाज हैए इसलिए अस्पतालों के आसपास हरित पट्टी होना बेहद जरूरी है। पेड़ लगाना केवल एक दिन का उत्सव नहींए बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। अभियान की खास बात यह रही कि लगाए गए प्रत्येक पौधे को जीवित रखने और उसकी नियमित देखरेख करने की जिम्मेदारी अलग.अलग कर्मचारियों को सौंपी गई हैए ताकि ये पौधे भविष्य में विशाल वृक्ष बन सकें।

जंगल में हुआ नवजात शिशु का जन्म, आरोग्य केंद्र पर लटका मिला ताला, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

नेपानगर। नेपानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मांडवा में शुक्रवार सुबह दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। प्रसव पीड़ा के चलते मांडवा निवासी 35 वर्षीय मीरा बाई पति भूलसिंग ने जंगल में एक नवजात बच्चे को जन्म दिया। लंबे समय तक महिला जंगल में बेहोश अवस्था में पड़ी रही। महिला के साथ 3.4 वर्ष की बेटी भी मौजूद थी।

ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल:-वहां से गुजर रहे मांडवा निवासी एकलव्य भारतीय और उनकी मां किरण बाई किशोर ने महिला को देखा। वे पहले उसे आरोग्यम केंद्र मांडवा बोमलियापाठ ले गएए लेकिन वहां पर ताला लटका मिला। इसके बाद महिला को सीवल स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। उपचार के बाद महिला को बुरहानपुर रेफर किया गया है।

5 साल से बंद पड़ा केंद्र:-एकलव्य भारतीय ने बताया कि मांडवा का आरोग्यम केंद्र बने हुए लगभग 5 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, किंतु इतना समय होने के बाद भी यहां मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। केंद्र लंबे समय से बंद है और यहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं रहता। भले ही सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर उपस्वास्थ्य केंद्र बना दिया हैए लेकिन इलाज नाम की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। शासन ने डॉक्टर पदस्थ कर रखे हैं, पर वे नाम मात्र के हैं। इलाज संबंधित कोई उपकरण उपलब्ध नहीं होने से वे रोज ड्यूटी कर घर लौट जाते हैं।

ग्रामीणों की मांग:-मांडवा निवासी एकलव्य भारतीय का कहना है कि शासनण्प्रशासन इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द यहां सुचारू रूप से सुविधाएं प्रदान करें।

दादा नजीर मिया का संन्दल शरीफ

बुरहानपुर। दादा नजीर मिया का संन्दल शरीफ सिंन्धी बस्ती रेल्वे स्अेशन रोड बुरहानपुर में आज दिनांक 5/06/2026 को हुवा है । जिसमें शहर के अलावा अहमदाबाद, मुम्बई, धुलिया, मालेगांव,उत्तर प्रदेश के लखनऊ,बनारस, जबलपुर से जायरीन शिरकत करते है । जिसके सज्जादा नशीन सैयद मोहम्मद फारूख मिया ने सुंदर शरीफ चढाकर अमन और शुकून की और हिन्दुस्तान के लिए दुआ की। एवं सबकी दुआए कबुल हो ऐसी प्रार्थना की। उपरोक्त जानकारी इंन्तेजामीया कमेटी के सैयद सागर अली मोहम्मद अमीन ने दी।

डॉ .अंबेडकर प्रतिमा स्थल का महापौर ने किया निरीक्षण

बुरहानपुर। लालबाग रेलवे स्टेशन स्थित सागर टॉवर के समीप

स्थापित की जा रही भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के प्रस्तावित अनावरण कार्यक्रम के पूर्व महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने प्रतिमा स्थापना स्थल का निरीक्षण कर वहां चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिमा स्थल को आकर्षकए सुव्यवस्थित एवं नागरिकों के लिए प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने प्रतिमा परिसर के आसपास साफसफाईए प्रकाश व्यवस्थाए हरित क्षेत्र विकासए रंग.रोगनए मार्ग व्यवस्था एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती माधुरी पटेल ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉण् भीमराव अंबेडकर जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

शाहपुर में हरियाली का महाअभियान, 1000 पौधों का वृहद पौधारोपण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज,

शाहपुर । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद शाहपुर द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा लगभग 1000 पौधों का वृहद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों, पार्षदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा प्रवक्त्त ,पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायिका अर्चना चिटनिस रहीं। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी एवं उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर नागरिकों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी अपने परिवार के सदस्य की तरह करनी चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी सुरक्षा, नियमित सिंचाई एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमें स्वयं उठानी होगी। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधे को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखे तो नगर को हराभरा बनाने का सपना शीघ्र साकार हो सकता है।

मुख्य अतिथि अर्चना चिटनिस ने उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

इनमें अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी,उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.मनोज माने, भाजपा जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, मंडल अध्यक्ष आकाश राखोंड़े, पार्षद विजय दौड़े, अशोक निकम,किशोर देशमुख, जब्बार खां, श्रीमती प्रमिला बाई विनोद चौधरी, कैलाश असेकर, अरुण चौधरी, श्रीमती दीपाली पंकज राउत, श्रीमती दीपाली मुकेश महाजन,श्रीमती ज्योत्सना विष्णु महाजन, श्री शेख शाकिर,ताजू भाई एवं पवन बड़ोले, स्वच्छता ब्रांड अम्बेसेडर विजय राठौर सर,श्रीमती मेघा उज्वल चौधरी, एल्डरमैन राजाराम आटोलकर, प्रकाश महेश्री, रवि जैन, रमेश चोपड़े,पूर्व अध्यक्ष श्री रामभाऊ सोनवने, पूर्व अध्यक्ष काशीनाथ डांबरे, गणेश महाजन, योगेश चौधरी, सांडू चौधरी एवं सीएमओ श्री दिलीप चौहान सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद थे।

इसी अवसर पर अर्चना दीदी की अध्यक्षता में भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में एक विशेष बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में नगर परिषद द्वारा शहर में संचालित स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

अर्चना दीदी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है,बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

बैठक में उन्होंने घर.घर कचरा पृथक्करण,गीले एवं सूखे कचरे के अलग. अलग संग्रहण, प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित निस्तारण, जैविक कचरे से खाद निर्माण तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक अपने घरों से ही कचरे का पृथक्करण प्रारंभ कर दें तो नगर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में बड़ी सफलता मिल सकती है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छता को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा। पौधारोपण के साथ.साथ लोगों ने पौधों की सुरक्षा और देखभाल का भी संकल्प लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर परिषद शाहपुर द्वारा आयोजित यह भव्य कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता एवं स्वच्छता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से न केवल हजारों पौधे रोपे गएए बल्कि लोगों के मन में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का संदेश भी पहुंचाया गया। नगर परिषद की इस पहल की नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे आने वाले समय में शाहपुर को हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल नगर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

1160 किलो अवैध सलई गोंद जब्त : खंडवा की अनुमति पर बुरहानपुर में गोंद भंडारण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर वन विभाग की टीम ने गुरुवार शाम बुरहानपुर जिले के शेखपुरा गांव में बड़ी कार्रवाई की। नावरा वन परिक्षेत्र के तहत आने वाले इस गांव की एक दुकान से 1160 किलोग्राम अवैध सलई गोंद जब्त किया गया। यह गोंद खंडवा जिले में गोदामीकरण की अनुमति के बावजूद बुरहानपुर में संग्रहित किया गया था।

अनुमति के बावजूद नियमों का उल्लंघन माना:- वन विभाग के अनुसार, गोंद संग्राहक के पास खंडवा जिले के बोरखेड़ा गांव में गोदामीकरण की अनुमति थी। हालांकि उसने इस अनुमति का उल्लंघन करते हुए बुरहानपुर जिले के

शेखपुरा में गोंद का अवैध रूप से संग्रहण कर रखा था। कार्रवाई से बचने के लिए प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में भी बोरखेड़ा का ही उल्लेख था।

उच्च न्यायालय का प्रतिबंध आदेश:-उच्च न्यायालय जबलपुर ने 11 फरवरी 2026 को एक आदेश जारी कर बुरहानपुर जिले की सीमा के भीतर सलई, धावड़ा, कुल्लू, पलाश और खैर गोंद के निष्कर्षण और संग्रहण पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद संग्राहक ने प्रतिबंधित क्षेत्र में गोंद का भंडारण किया था।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर डीएफओ विद्याभूषण सिंह के निर्देश पर वन परिक्षेत्र नावरा के स्टाफने यह कार्रवाई की। टीम में वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह जादौन, डिप्टी रेंजर मुकेश गिरी और रेवेन्द्र राठौर, वनरक्षक सावन तायड़े, कोमल विश्वकर्मा, गोविंद मोरे सहित अन्य स्टाफशामिल थे।

लाइसेंस जहां का था वहां नहीं किया संग्रहण:- रेंजर जादौन ने बताया कि गुलजार पिता अब्दुल कय्यूम निवासी गुड़ीखेड़ा,तहसील पंधाना, जिला खंडवा को जैव विविधता अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत व्यापारिक उद्देश्य से लाइसेंस दिया गया था।

यह लाइसेंस ग्राम बोरखेड़ा में गोदामीकरण के लिए था, लेकिन गोंद का संग्रहण बुरहानपुर जिले के शेखपुरा में किया गया, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई।

ग्राम ईच्छापुर में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज,

ईच्छापुर। ग्राम ईच्छापूर मे विश्व पर्यावरण दिवस पर बोधि विपश्यना ज्ञान विहार परिसर में युवा शक्ती बहुउद्देशीय संगठन द्वारा पर्यावरण प्रेमीयों ने वृक्षारोपन किया। इस मौके पर आनंद वाघ ने बताया कि वृक्षारोपन को किया जाता है। मगर इस लगाये गए पौधो की सुरक्षा नहीं होती , वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं। यही पेड पौधे रहे तो वर्षा भी अधिक होती है। परिसर हरा भरा रहता है। आज हम आज विश्व पर्यावरण दिवस पर संकल्प लेते है। की लगाए गए पौधे की सिचाइ कर उसे जिवीत रखेंगे इस मौके पर शुभम चौधरी,मनोज प्रजापती, राजेश ठाकुर, दपक महाजन, दिपक महाजन, सिद्धार्थ वाघ ,पवन सपकाडे ,कैलाश पाटील सहीत युवा शक्ती संगठन के सदस्य मौजूद थे।

नगर पालिका वाहन को धक्का लगाते नजर आए कर्मचारी

नेपानगर। नेपानगर नगर पालिका के कचरा संग्रहण वाहन खरीदी के बाद से ही चर्चाओं में हैं। यह वाहन लंबे समय बाद फील्ड में उतारे गएए लेकिन गुणवत्ता ठीक नहीं है। इसके कारण वाहन चढ़ाई पर दम तोड़ देते हैं। शुक्रवार को एक वाहन को कर्मचारी धक्का लगाते हुए नजर आए। दरअसल जब से यह वाहन खरीदे गए तब से इसकी खरीदी को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इसकी शिकायतें भी हो चुकी हैए लेकिन आज तक किसी पर भी न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही किसी तरह की जांच हुई।

लोकल कंपनी से खरीदे वाहन:-कचरा संग्रहण के लिए नगर पालिका की ओर से करीब तीन चार साल पहले ई.कचरा वाहन खरीदे गए। इसे किसी नामी कंपनी से खरीदने की बजाए लोकल कंपनी से खरीद लिया गया। काफी समय तक इन वाहनों का एक स्थान पर खड़ा रखा गया। बाद में जब बाहर निकाला गया तो बमुश्किल तीन चार दिन ही चल पाए और दो वाहन दुर्घटना का भी शिकार हो गए। एक तत्कालीन सीएमओ ने इसके भुगतान को लेकर सवाल उठाए थे और राशि कम करके भुगतान किया था। बाद में आज तक इसे सुधारने के लिए कंपनी से कोई नहीं आया। लंबे समय से यह वाहन साडा कॉलोनी स्थित नपा के नए दफ्तर परिसर में खड़े थे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया पौधारोपण

हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस विशेष साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नेहरू नगर स्थित सद्भावना मण्डपम परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जामुन, त्रिवेणी, आम,नीम, गुड़हल, अशोक एवं पीपल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा हरियाली संवर्धन एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ.साथ भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं रोपे गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में

महापौर श्रीमती माधुरी पटेल ने वर्षा जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयास तभी सफल होंगे, जब इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी . कलेक्टर श्री हर्ष सिंह

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने प्रकृति के साथ आत्मीय संबंध बनाए रखने और नियमित रूप से वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहींए बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने उद्बोधन से उपस्थितजनों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता यादव, जिला अध्यक्ष श्री मनोज माने, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण,विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित रहे।

एक नजर ▶ बुरहानपुर पुलिस की अवैध हथियार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई . तस्कर गिरफ्तार, अवैध हथियार फैक्ट्री जब्त

खकनार व नेपानगर की संयुक्त टीम ने ग्राम पाचोरी के जंगल से अवैध शस्त्र निर्माण की सामग्री जब्त की

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी व्दारा निर्देश दिये गये कि अवैध हथियार तस्करों एवं निर्माणकर्ताओं के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। अति.पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अभिषेक जाधव व थाना प्रभारी नेपानगर ज्ञानू जायसवाल की विशेष टीम बनायी गयी।

दिनांक 02/06/2026 को थाना प्रभारी नेपानगर निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल द्वारा आरोपी बंटी उर्फ ब्रजेश पिता किशोरीलाल दावरे उम्र 46 साल, निवासी ई.टाइप नेपानगर को उसकी स्वीफ्ट कार एमपी 43 सी 4256 से 01 देशी पिस्टल व 01 धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25;1.बी ,ए, ,25;1.बी ;बी आयुध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर कुल 2,40,500/- रुपये का मशरूका जप्त किया गया था। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर उसके कब्जे से 01 और अवैध हथियार पिस्टल व 04 देशी पिस्टल के राउंड जप्त किये गये उक्त

हथियार व राउंड आरोपी अजीतसिंग उर्फ डेडिया पिता छतरसिंग सिकलीगर निवासी धुलकोट थाना भगवानपुरा द्वारा उसे देना बताया जिस पर थाना प्रभारी खकनार निरीक्षक अभिषेक जाधव व थाना प्रभारी नेपानगर निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम पाचोरी के जंगल क्षेत्र में दबिश दी गई।

पुलिस को देखकर अवैध हथियार निर्माण कर रहे आरोपी अजीतसिंग व ठाकुर पिता बराडसिंग मौके से फरार हो गए। घटनास्थल से 01 अर्धनिर्मित देशी पिस्टल,02 मैगजीन, 01 बैरल, ग्राइंडर मशीन 02 नग, ड्रिल मशीन 01 नग, ब्लोअर 02 नग, हथौड़ा, छेनी, रेती, प्लास, कटिंग ब्लेड व अन्य हथियार बनाने के उपकरण भारी मात्रा में जप्त किए गए। फरार आरोपियों के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध हथियारों का निर्माण एवं तस्करी की जा रही है जिनके विरुध्द अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी है।

बुरहानपुर पुलिस में फेरबदल, दो थाना प्रभारी बदले

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर एसपी आशुतोष बागरी ने जिले के पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर तबादले किए हैं। इन आदेशों के तहत,दो थाना प्रभारियों को बदला गया है, जबकि दो निरीक्षकों को रक्षित केंद्र से अलग.अलग थानों का प्रभार सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त, 32 आरक्षक और 132 उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक तथा कार्यवाहक प्रधान आरक्षकों को भी जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ किया गया है। एसपी ने गुरुवार देर शाम ये तबादला आदेश जारी किए। इनमें गणपति नाका थाना प्रभारी सुरेश महाले को नेपानगर भेजा गया है,जबकि नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल को महिला थाना बुरहानपुर की जिम्मेदारी दी गई है। रक्षित केंद्र में पदस्थ निरीक्षक कमल सिंह पवार को गणपति नाका थाने का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, महिला थाना प्रभारी हरिसिंह रावत को रक्षित केंद्र स्थानांतरित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष बागरी का संदेश:-जिले में अवैध हथियार का नेटवर्क तोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

कुछ अवैध हथियार तस्करो द्वारा पुलिस की कार्यवाई के दौरान लोगो को भड़काने का कार्य किया जा रहा हैं,जिससे भीड़ पुलिस कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करे। जो व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधि में संलिप्त पाया जाएगा,तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सराहनीय भूमिका:- निरीक्षक अभिषेक जाधव थाना खकनार,निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल थाना नेपानगर,उनि कलीराम मौर्य, प्र.आर.गजेन्द्र रावत प्र.आर. सतीश सुर्यवंशी, आर.सुनील धुर्वे, आर. नीरज दांगी का महत्वपुर्ण योगदान रहा।